**अंकन योजना**

**अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)**

**सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2023**

**कक्षा- 10 वीं हिंदी (A), कोड- 002**

**प्रश्न पत्र कोड 3/6/1, 2, 3**

**सामान्य निर्देश:**

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए, अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा-व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन-योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित हैं और/या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन-योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य-परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य-परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।


ZOLLEGE.in

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✓ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए, यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।


ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/6/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'अ'**<br>**( बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न )** | |
| 1 | 1 | 2 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>कोलकाता भी दूसरे बड़े ............................ समुद्र मिलते हैं। | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – कोलकाता में बहने ............................ हुआ है?<br>उत्तर – (d) हुगली, गंगा, कुल्टीगंग | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – गद्यांश आधारित ............................ चयन कीजिए :<br>उत्तर – (b) कथन (क) और (ख) सही हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – कुल्टीगंग में गिरने ............................ क्यों नहीं होता?<br>उत्तर – (c) नदी में गिरने से पूर्व खेतों और तालाबों से उपचारित होता है। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित कथन (A) ............................ चुनिए :<br>उत्तर – (c) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – कोलकाता हुगली नदी ............................ बहा सकता?<br>उत्तर – (c) हुगली में समुद्र पानी वापस भेजता है, अपशिष्ट लौट सकता है। | 1 |



ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/6/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | 2 | 1 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| | | | | **पद्यांश-एक** | |
| | | | | सूरज के ताप में ............................ करुणा चाहिए। | |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – 'दुनिया में करुणा की ............................ आशय है –<br>उत्तर – (c) लोगों में संवेदना समाप्त हो गई है। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'करुणा कि बर्फ़ ............................ अभिप्राय है?<br>उत्तर – (b) लोग दूसरों के दुखों से द्रवीभूत नहीं हो रहे हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – 'दूसरों के दुख-दर्द ............................ पंक्ति है –<br>उत्तर – (a) कहीं पानी का कोई पारदर्शी टुकड़ा नहीं। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'सूरज के ताप में ............................ कहना चाहते हैं<br>उत्तर – (d) प्राकृतिक उपादानों में सहज करुणा की भावना है। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – इस समय ............................ आवश्यकता है –<br>उत्तर – (d) करुणा | 1 |
| | अथवा | अथवा | अथवा | **पद्यांश-दा** | |
| | | | | दरवाज़े से बाहर ................................................ निवास करती हैं। | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – किस तरह झुकना ............................ हिस्सा नहीं है?<br>उत्तर – (c) ताकतवर के सामने सिर का झुकाना | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'चापलूस की आत्मा' ............................ समझते हैं?<br>उत्तर – (b) अपने लाभ के लिए खुशामद करन वाले द्वारा आत्मसम्मान को छोड़ दिया जाना | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – शब्दों को पढ़ने के ............................ का भाव है?<br>उत्तर – (a) विनम्रता | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – ''ताकत और अधीनता ............................ चयन कीजिए :<br>उत्तर – (d) (ख) और (ग) | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – इस कविता में प्रयुक्त ............................ क्या है?<br>उत्तर – (a) अर्थ – मतलब; अभिप्राय - नीयत | 1 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | प्रश्न – 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए : | 4x1=4 |
| | (i) | – | – | प्रश्न – ''जैसा कि बताया ............................ रूपांतरण होगा –<br>उत्तर – (c) मूर्ति के संगमरमर के होने के विषय में बताया जा चुका है। | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – 'केवल एक चीज़ ............................ में रूपांतरण होगा –<br>उत्तर – (a) केवल एक चीज़ की कसर थी और वह देखते ही खटकती थी। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – 'पिताजी थककर ............................ वाक्य बनेगा –<br>उत्तर – (c) क्योंकि पिताजी थक गए हैं इसलिए सोए हैं। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ......................... चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (a) कथन (क) और (घ) सही हैं। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – स्तंभ I और स्तंभ ............................ लिखिए :<br>उत्तर – (b) (ब)(स)(अ) | 1 |
| | – | 3 (i) | – | प्रश्न – 'जो झूठ बोलते ............................ वाक्य बनेगा –<br>उत्तर – (c) झूठ बोलने वालों का कोई सम्मान नहीं करता। | 1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – 'थैला उठाकर बच्चा .......................... बदलने पर होगा –<br>उत्तर – (a) बच्चे ने थैला उठाया और विद्यालय की ओर निकल पड़ा। | 1 |
| | – | – | 3 (i) | प्रश्न – 'बोलचाल की जो भाषा ........................ करने पर होगा –<br>उत्तर – (b) बोलचाल की भाषा कविता को प्रभावशाली बनाती है। | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – 'परशुराम के आने ............................ बनेगा –<br>उत्तर – (a) परशुराम आए और सब डर गए। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | प्रश्न – 'वाच्य पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : | 4x1=4 |
| | (i) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित में कर्मवाच्य का उदाहरण है –<br>उत्तर – (c) माँ द्वारा खाना बनाया जाता है। | 1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य का उदाहरण है –<br>उत्तर – (c) चलो, घूमने चलते हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का वाक्य है –<br>उत्तर – (b) राम से आया नहीं जाता। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – ''मैं यह भाषा ............................ बदलने पर होगा –<br>उत्तर – (a) मुझसे यह भाषा नहीं पढ़ी जा सकेगी। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – स्तंभ - I और स्तंभ ............................ चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (d) (स)(ब)(अ) | 1 |
| | – | 4 (i) | – | प्रश्न – निम्नलिखित में कर्मवाच्य का उदाहरण है –<br>उत्तर – (c) रवि द्वारा नाटक में भाग लिया गया। | 1 |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – 'मोहम्मद रफी द्वारा ............................ बदलने पर होगा –<br>उत्तर – (b) मोहम्मद रफी ने यह गीत गाया। | 1 |
| | | | 4 | | |
| | – | – | (i) | प्रश्न – निम्नलिखित में से कर्मवाच्य ........................... जाएगा?<br>उत्तर – (c) बूढ़ी दादी से चला नहीं गया। | 1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ............................ उदाहरण है –<br>उत्तर – (b) लड़के ने तैराकी सीखी। | 1 |
| 5 | 5 | 5 | 5 | प्रश्न – 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – 'जल्दी से जाकर दुकान से दूध ले आओ। ........................ पद परिचय है :<br>उत्तर – (c) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, अपादान कारक | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'शाम का हम चलेंगे।............................ परिचय होगा –<br>उत्तर – (a) अकर्मक क्रिया, भविष्यत काल, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – 'किस व्यक्ति से मिलना है? ....................... परिचय है –<br>उत्तर – (d) सार्वनामिक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, व्यक्ति विशेष्य | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'लड़की <u>के साथ</u> दो और लोग आने वाले हैं। .................... परिचय है –<br>उत्तर – (d) संबंधबोधक अव्यय, लोगों का संबंध लड़की से बताने वाला। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – स्तंभ I और स्तंभ ............................ कीजिए :<br>उत्तर – (d) (I) (III) (II) | 1 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | प्रश्न – 'अलंकार' आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – ''आगे नदिया पड़ी ......................... प्रयुक्त अलंकार है –<br>उत्तर – (d) अतिशयाक्ति अलंकार | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'को घटि ये ............................ प्रयुक्त अलंकार है –<br>उत्तर – (b) श्लेष अलंकार | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित में से ............................ उत्प्रेक्षा अलंकार है?<br>उत्तर – (c) चमचमात चंचल नयन, बिच घूँघट पट छीन।<br>मनहु सुरसरिता विमल, जल उछरत जुग मीन | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – स्तंभ I और स्तंभ ............................ कीजिए :<br>उत्तर – (b) (III) (II) (I) | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'माली आवत ............................ प्रयुक्त अलंकार है –<br>उत्तर – (c) मानवीकरण अलंकार | 1 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br>यों खेलने को हमने ............................ उतरते चले गए थे। | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – भाइयों की गतिविधियों ............................ अभिप्राय है?<br>उत्तर – (c) लड़कों को पूरे संसार की आज़ादी थी पर लड़कियाँ घरों के दायरे में सीमित। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – 'घर की दीवारें घर ............................ क्या समझते हैं?<br>उत्तर – (b) टोले-मोहल्ले को घर का हिस्सा माना जाता था। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – लेखिका ने अपने पात्रों ....................... असत्य कथन है–<br>उत्तर – (a) उनकी आरंभिक कहानियों के पात्र बाद के जीवन से आए हैं। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – 'पड़ोस कल्चर' से ............................ जा रहे हैं?<br>उत्तर – (d) संकुचित, असहाय और असुरक्षित | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – कहानियाँ लिखते ............................ अहसास हुआ? | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | उत्तर – (b) इतना समय बीतने के बाद भी उन्हें वे लोग अपने हावभाव के साथ याद थे। | 1 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | प्रश्न – गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | – | – | प्रश्न – पानवाले ने नेताजी ............................ लिए कैसी?<br>उत्तर – (a) पानवाले के लिए - मज़ेदार,<br>हालदार साहब के लिए - द्रवित करने वाली | 1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – 'भारत रत्न' जैसे ............................ दृष्टि में था –<br>उत्तर – (c) शहनाई-वादन है न कि कपड़े और बाहरी दिखावा। | 1 |
| | – | (i) | – | प्रश्न – नवाब साहब ने खीरे ............................ उठाया?<br>उत्तर – (c) खीरों को धोया, छीलकर काटा, जीरा मिला नमक-मिर्च छिड़का, होठों तक ले गए, सूँघकर फेंक दिया। | 1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – शहनाई के विषय ............................ बात असत्य है?<br>उत्तर – (a) वैदिक इतिहास में शहनाई का उल्लेख मिलता है। | 1 |
| | – | – | (i) | प्रश्न – नवाब साहब द्वारा ............................ कैसे टाला?<br>उत्तर – (c) पेट कमज़ोर होने का बहाना बनाकर | 1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – निम्नलिखित में बालगोबिन ......................... बात सही है?<br>उत्तर – (d) अपने खेत की पूरी फसल वे कबीर मठ में चढ़ाने ले | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | जाते थे। | 1 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| | | | | मुख्य गायक की ........................... संगतकार का स्वर | |
| | (i) | (i) | (i) | प्रश्न – 'मुख्य गायक की ............................ का तात्पर्य है –<br>उत्तर – (b) हमेशा से | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | प्रश्न – मुख्य गायक अंतरे ............................ जाता है?<br>उत्तर – (c) अपने ही गाने की लय में डूबकर भटक जाता है। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | प्रश्न – संगतकार किस तरह से ............................ करता है?<br>उत्तर – (a) मुख्य गायक के भटकने पर स्थायी को सँभालकर | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | प्रश्न – संगतकार मुख्य गायक ............................ चयन कीजिए –<br>उत्तर – (c) (क), (ख) और (ग) | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | प्रश्न – 'तार सप्तक' में मुख्य ............................ लगता है?<br>उत्तर – (b) इसमें स्वरों को ऊँचाई-निचाई पर चढ़ाना होता है। | 1 |



ZOLLEGE.in

अंक-योजना मार्च, 2023

प्रश्न पत्र 3/6/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 10 | 10 | 10 | 10 | प्रश्न – पद्य खंड पाठों के आधार पर निम्नलिखित **दो** बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – | 2x1=2 |
| | (i) | – | – | प्रश्न – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम ............................ क्यों कर रहे हैं?<br>उत्तर – (d) विश्वामित्र उस समय राम-लक्ष्मण के गुरु एवं अभिभावक थे। | 1 |
| | (ii) | – | – | प्रश्न – 'दंतुरित मुस्कान' का कवि ............................ कह रहा है?<br>उत्तर – (b) कवि सदा यात्रा पर रहने वाला व्यक्ति है। | 1 |
| | – | (i) | – | प्रश्न – लक्ष्मण ने ............................ लक्षण बताए?<br>उत्तर – (a) वीर युद्ध में पराक्रम दिखाते हैं न कि अपनी बड़ाई खुद बताते हैं। | 1 |
| | – | (ii) | – | प्रश्न – 'अट नहीं रही' कविता ............................ आते हैं?<br>उत्तर – (c) पेड़ों पर लाल-हरे नए पत्ते आते हैं, चारों तरफ फूल खिल जाते हैं, सुवासित हवा चलती है। | 1 |
| | – | – | (i) | प्रश्न – गोपियाँ कृष्ण को ............................ आशय है –<br>उत्तर – (b) गोपियाँ मन, वचन और कर्म से एकनिष्ठता में कृष्ण के प्रति समर्पित हैं। | 1 |
| | – | – | (ii) | प्रश्न – विश्व के सभी ............................ पर लिखिए।<br>उत्तर – (a) बेचैन और अनमने | 1 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'ब'**<br>**( वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| 11 | 11 | 11 | 11 | प्रश्न – गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – | 3x2=6 |
| | (क) | – | – | प्रश्न – हालदार साहब ............................ लगा और क्यों?<br>उत्तर –<br>• नेताजी की मूर्ति लगाना / बगैर चश्मे वाली पर चश्मा लगा देना;<br>• दशभक्ति की भावना का परिचय / शहीदों और देशभक्तों के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति | 1+1=2 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – नवाब साहब की ....................... इसे साबित कीजिए।<br>उत्तर –<br>• बातचीत की उत्सुकता नहीं दिखाई<br>• खीरा खाने की पेशकश ठुकरा दी<br>• शिष्टाचार की औपचारिकता नहीं निभाई<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – बालगोबिन भगत की ............................ शब्दों में कीजिए।<br>उत्तर –<br>• घर के आँगन में आसन जमाना, अन्य लोगों का जुटना, खंजड़ियों और करतालों के साथ कबीर के पद गाना, | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | बालगोबिन द्वारा एक पंक्ति गाने पर बाकी मंडली द्वारा दुहराना; गाते-गाते बालगोबिन का नाचने लगना व अन्य उपस्थित लोगों द्वारा उनका अनुकरण करना, आँगन का नृत्य-संगीत से ओत-प्रोत होने के कारण गर्मी की उमस भरी शाम का शीतल होना। | 2 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ 'मालिक' ...................... सामने उभरता है।<br>उत्तर –<br>• दुआ – सच्चे सुर की;<br>व्यक्तित्व का पहलू –<br>• कला की सच्ची साधना<br>• आस्था,<br>• विनम्रता<br>• सरलता<br>(कोई एक बिंदु स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | – | 11 (क) | – | प्रश्न – लोग संस्कृति और ............................ क्यों करते हैं?<br>उत्तर –<br>• दोनों में सूक्ष्म अंतर<br>• सभ्यता संस्कृति का ही परिणाम<br>• कई विशेषण लगा दिए जाने के कारण लोगों में भ्रम की स्थिति<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ को ............................ क्यों कहता है?<br>उत्तर –<br>• शहनाई मंगल ध्वनि का वाद्य;<br>• बिस्मिल्ला खाँ सर्वश्रेष्ठ शहनाई-वादक / शहनाई की सुर साधना में पूरा जीवन समर्पित | 1+1=2 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – बालगोबिन भगत गृहस्थी ............................ किस तरह थे?<br>उत्तर –<br>• निर्लिप्त – परिवार से प्रेम परंतु मोह नहीं करना।<br>• खरा व्यवहार – कथनी और करनी में अंतर नहीं होना।<br>• निस्वार्थी – सारी फ़सल को मठ में ले जाना और दरबार से प्राप्त 'प्रसाद' से गुज़ारा करना<br>• भिक्षा न माँगना – गंगा स्नान के लिए जाते समय साधु की तरह कुछ साथ न ले जाना और गृहस्थ की तरह किसी से कुछ न माँगना।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – हालदार साहब को ............................ अनुमान लगाया?<br>उत्तर –<br>• संगमरमर (पत्थर) का चश्मा न होना ;<br>अनुमान –<br>• मूर्तिकार को संगमरमर का पारदर्शी चश्मा बनाना समझ में नहीं आया होगा।<br>• चश्मा बनाते समय कुछ और बारीकी के चक्कर में टूट गया होगा। | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • कोशिश की होगी पर असफल रहा होगा।<br>• पत्थर का चश्मा अलग से फिट किया होगा और वह निकल गया होगा।<br>(काई तीन बिंदु अपेक्षित) | ½+½+½+½=2 |
| | – | – | 11 (क) | प्रश्न – कैप्टन नेताजी की ............................ भाव आते हैं?<br>उत्तर –<br>• कैप्टन फेरीवाला, गिने-चुने फ्रेम उपलब्ध, ग्राहकों की माँग के अनुसार चश्मा बेचना आजीविका की मजबूरी<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>(उदाहरणार्थ – कैप्टन के प्रति सम्मान, श्रद्धा प्रशंसा का भाव) | 1+1=2 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – भगत की पुत्र-वधू ............................ को स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>पुत्रवधू के प्रति चिंता –<br>• पुनर्विवाह का प्रयास<br>भगत के प्रति चिंता –<br>• सेवा और देखभाल के लिए उनके साथ ही रहने की ज़िद | 1+1=2 |
| | – | – | (ग) | प्रश्न – काशी में किस प्रकार ............................ क्या सोचते थे?<br>उत्तर –<br>• खानपान की परंपरा में परिवर्तन जैसे – पक्का महाल से मलाई बर्फ़ का जाना | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • संगीत, साहित्य और अदब की बहुत सारी परंपराओं में परिवर्तन जैसे – रियाज़ का कम होना, संगतियों के लिए आदर न होना;<br>• इन परिवर्तनों पर बिस्मिल्ला खाँ हैरान, दुखी होते थे।<br>• उन्हें इनकी कमी खलती थी।<br>(प्रश्न के प्रत्येक भाग के लिए एक-एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | 11 (घ) | प्रश्न – 'संस्कृति' पाठ के ............................ उनसे सहमत हैं?<br>उत्तर –<br>• बुद्धि-विवेक के प्रयाग से किसी नए तथ्य की खोज / अन्वेषण और आविष्कार, जैसे न्यूटन द्वारा गुरूत्वाकर्षण के सिद्धांत की खोज<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए तर्कपूर्ण स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| 12 | 12 | 12 | 12 | प्रश्न – पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए – | 3x2=6 |
| | (क) | – | – | प्रश्न – 'सूर के पद' में ............................ टिप्पणी कीजिए।<br>उत्तर –<br>• कृष्ण-भक्ति (सगुण भक्ति)<br>• साख्य भाव की भक्ति - कृष्ण को प्रेमी, सखा, आराध्य मानना<br>• सगुण भक्ति के पक्षधर | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • निर्गुण भक्ति के विरूद्ध<br>• अनन्य भाव की भक्ति<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | – | – | प्रश्न – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम ......................... उल्लेख किया है?<br>उत्तर –<br>• देवताओं, गुरूओं, मुनियों, ब्राह्मणों, गौओं का सम्मान करने की परंपरा<br>• ऋषियों, मुनियों, ब्राह्मणों पर हाथ न उठाना | 1+1=2 |
| | (ग) | – | – | प्रश्न – इस वर्ष पाठ्यक्रम में ............................ और क्यों?<br>उत्तर –<br>(उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>• 'आत्मकथ्य' ;<br>• कवि की विनम्रता<br>• जीवन के यथार्थ और अभाव की मार्मिक अभिव्यक्ति | 2 |
| | (घ) | – | – | प्रश्न – 'आत्मकथ्य' में कवि ............................ उल्लेख कीजिए।<br>उत्तर –<br>• निजो जीवन को सार्वजनिक न करने की इच्छा<br>• जीवन सामान्य है, ऐसा कुछ विशेष नहीं जिसे लिखा जाए<br>• जीवन की दुर्बलताओं के सार्वजनिक उल्लेख से दूसरों द्वारा | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | सुख पाने की संभावना<br>• हँसी का पात्र बनने का भय<br>• जीवन रिक्त, अभावों से भरा<br>• प्रवंचनाओं और छल को सबके सामने न लाने की इच्छा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | 12 (क) | – | प्रश्न – इस वर्ष पाठ्यक्रम ............................ उल्लेख कीजिए।<br>उत्तर –<br>• आत्मकथ्य ;<br>कवि के विचार :<br>• आत्मकथा पूरी ईमानदारी और सच्चाई से लिखना आवश्यक और इसके लिए बेहद निजी पलों को भी अभिव्यक्त करना पड़ता है।<br>• आत्मकथा लोगों को सुख, आनंद, प्रेरणा देने वाली होनी चाहिए किंतु कवि के जीवन में ऐसा कुछ नहीं है।<br>• आत्मकथा लिखने के लिए उपलब्धियों भरा असाधारण जीवन होना चाहिए किंतु कवि का जीवन सामान्य है।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | – | (ख) | – | प्रश्न – 'सूर से पद' में प्रेम ............................ प्रकार नहीं किया?<br>उत्तर –<br>• कृष्ण ने; | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • भरोसा देकर भी गोपियों से मिलने नहीं आए<br>• योग का संदेश देकर उद्धव को भेज दिया<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | (ग) | – | प्रश्न – 'राम-लक्ष्मण-परशुराम' के ............................ क्यों?<br>उत्तर – (तर्कपूर्ण स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>• राम ने प्रभावित किया<br>कारण –<br>• राम विनम्र, गुरुजनों का आदर करने वाले, संयमी, पराक्रमी<br>• समर्थ होते हुए भी बढ़-चढ़ कर न बोलना<br>• क्रोध न करना | 1+1=2 |
| | – | (घ) | – | प्रश्न – 'उत्साह' कविता क्रांति ............................ स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर –<br>• बादलों से गरजने और परिवर्तन लाने का आग्रह<br>• बादल क्रांति चेतना के प्रतीक-रूप में वर्णित<br>• बादल नवजीवन, नवनिर्माण को संभव करने वाले<br>• शोषण से मुक्ति की आकांक्षा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | 12 (क) | प्रश्न –'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद ............................ और क्यों?<br>उत्तर –<br>• वीर युद्ध में अपनी वीरता प्रदर्शित करते हैं। | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • कायर केवल वीरता का बखान करते हैं। ;<br>कारण –<br>परशुराम द्वारा निरंतर अपने ही मुख से अपने साहस, शौर्य, बल आदि का बखान करना। | 1+1=2 |
| | – | – | (ख) | प्रश्न – पाठ्यक्रम में पढ़ी ............................ का उल्लेख कीजिए।<br>उत्तर –<br>'अट नहीं रही है' ;<br>प्राकृतिक सौंदर्य के बिंदु –<br>• पेड़ों पर लाल-हरे नए पत्ते निकलना<br>• सारा वातावरण पुष्पित एवं सुगंधित होना<br>• शीतल-मंद-सुवासित हवा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+½+½=2 |
| | – | – | 12 (ग) | प्रश्न – बच्चे की दंतुरित ............................ आधार पर लिखिए।<br>उत्तर –<br>• कवि पर – मन में कोमल / वात्सल्य भाव उमड़ना, मंत्रमुग्ध हो जाना<br>• पत्थर जैसे कठोर मन पर – कठोर मन का पिघल जाना।<br>• निराश (मृतप्राय) मन पर – आशा का संचार होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | (घ) | प्रश्न – 'कंथा के सीवन ............................ जैसा क्यों है?<br>उत्तर – | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • कंथा अर्थात गुदड़ी की भाँति जीवन की विगत स्मृतियों, छिपी हुई बातों की परतों को उधेड़ना अर्थात सार्वजनिक करना।<br>• कवि को अपने जीवन के अभावों, दूसरों से मिले छल और बेहद निजी पलों को भी सार्वजनिक करना होगा। | 1+1=2 |
| 13 | 13 | 15 | 15 | प्रश्न – 'पूरक पाठ्य-पुस्तक' के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए – | 2x4=8 |
| | (क) | (क) | (क) | प्रश्न – यह स्वाभाविक है कि ............................. टिप्पणी कीजिए।<br>उत्तर –<br>• भोलानाथ सामान्य परिस्थितियों में अपने पिता के अधिक नज़दीक, किंतु विशेष परिस्थितियों में माता के अँचल में सुरक्षा का भाव /<br>नहाने, खाने, पूजा करने, खेल-तमाशे में पिता के नज़दीक पर साँप से डरने पर माँ का आश्रय<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए निजी अनुभव पर आधारित स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य) | 2+2=4 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | प्रश्न – कृतिकार की ईमानदारी .......................... उल्लेख किया है?<br>उत्तर –<br>• यह भेद बनाए रखना कि कृति भीतरी प्रेरणा का परिणाम अथवा बाहरी दबाव और आग्रह का परिणाम ; | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | <u>लेखकीय विवशताएँ</u> – <br>• प्रकाशक की माँग <br>• संपादक का आग्रह <br>• आर्थिक आवश्यकता <br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2+2=4 |
| | 13 (ग) | 15 (ग) | 15 (ग) | प्रश्न – 'साना-साना हाथ ............................ होते तो क्या करते? <br>उत्तर – <u>प्रकृति के प्रति कृतज्ञता के प्रसंग</u> – <br>• गंतोक / गैंगटॉक के आसमान और शहर पर रोशनी की झालर देख भीतर-बाहर शून्य, एक उजास फूटना और ईश्वर से प्रार्थना करना <br>• यूमथांग की ओर जाते हुए पर्वत शिखर, जल-प्रपात आदि के सौंदर्य की पराकाष्ठा देखकर नतमस्तक होना <br>• हिमालय के कहीं हरे, कहीं पीलापन लिए, कहीं पलस्तर उखड़ी दीवार जैसे तो कभी सारे परिदृश्य का बादलमय हो जाने के दृश्य को देखकर ऐसा अनुभव होना मानो प्रकृति जीवन रहस्यों का उद्घाटन कर रही हो <br>• धुंध की चादर हटने पर प्रकृति की संपूर्णता को देखकर, जिसमें सभी प्राकृतिक उपादान एक लय-गीत-ताल से चलायमान थे, लेखिका का ईश्वर से निकटता का अनुभव करना <br>• तिस्ता नदी के किनारे अद्भुत शांति में लेखिका द्वारा भीतर के सारे हलाहल, सारी तामसिकताएँ बह जाने की प्रार्थना करना | |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | (किन्हीं दो प्रसंगों का उल्लेख अपेक्षित)<br>(अन्य उपयुक्त प्रसंग भी स्वकीर्य)<br>(प्रश्न के दूसरे भाग के लिए उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर स्वीकार्य)<br>उदाहरणार्थ –<br>• मैं होती तो पकृति की उस सुंदरता में खो जाती<br>• ईश्वर और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता महसूस करती | 2+2=4 |
| 14 | 14 | 13 | 13 | प्रश्न – निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए : | 1x6=6 |
| | (क) | (क) | (क) | आज़ाद देश के 75 साल और भविष्य की उम्मीदें | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | समय होत सबसे बलवान | |
| | | | | उत्तर –<br>अनुच्छेद-लेखन<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>विशेष निर्देश :–<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 15 | 15 | 14 | 14 | निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : | 5 |
| | (क) अथवा (ख) | (क) अथवा (ख) | (क) अथवा (ख) | आपका नाम सना / सोहम है। ............................ एक पत्र लिखिए।<br><br>आप अहमदाबाद के रहने ............................ एक पत्र लिखिए।<br><br>उत्तर –<br>**पत्र-लेखन**<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 16 | 16 (क) | 16 (क) | 16 (क) | आपने हाल ही में एम.एस.सी. ............................ आवेदन करना है।<br>उत्तर –<br>**<u>स्ववृत्त-लेखन</u>**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |


ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | अथवा (ख) | अथवा (ख) | अथवा (ख) | आपके ......................... ई-मेल लिखिए। नाम साधना/सोमेश है।<br>उत्तर –<br>**औपचारिक ई-मेल –**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ईमेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 17 | 17 (क) | 17 (क) | 17 (क) | जल-प्रदूषण की भयावहता के प्रति सब को सचेत करने वाला एक जनहितकारी विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में बनाइए।<br>उत्तर –<br>**विज्ञापन-लेखन**<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक | 4 |



ZOLLEGE.in

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **विशेष निर्देश :-**<br>• विज्ञापन लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| | अथवा (ख) | अथवा (ख) | अथवा (ख) | आप मोहिनी/महेन्द्र हैं। आपके बड़े भाई को विदेश जाकर पढ़ाई करने के लिए छात्रवृत्ति मिली है जिसके अंतगर्त वे अमेरिका उच्च अध्ययन के लिए जाने वाले हैं। उन्हे बधाई एवं शुभकामना प्रेषित करता एक संदेश लगभग 60 शब्दों में लिखिए।<br><br>उत्तर –<br>**संदेश-लेखन**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश –**<br>• संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है फिर भी प्रश्नानुकूल उपयुक्त प्रारूप को आवश्यक माना जाए।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |



ZOLLEGE.in

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |

ZOLLEGE.in



ZOLLEGE.in